पत्रिका 24.07.2023

रविवि में यूटीडी की 50 अंकों की प्रवेश परीक्षा 26 से 28 जुलाई तक

सीटों से ज्यादा मिले आवेदन, कई विषयों में होगी कड़ी स्पर्धा

रायपुर @ पत्रिका. पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) की प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई से शुरु होगी और 28 जुलाई तक चलेगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के अभ्यर्थियों से 20 जुलाई तक आवेदन मंगाया था। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद विवि प्रबंधन 50 अंकों की परीक्षा लेने की तैयारी कर रहा है। दरअसल, यूटीडी के लिए सीटों से ज्यादा आवेदन इस बार विवि प्रबंधन को मिले हैं।

एक नजर में

अध्ययनशाला	सीट	आवेदन
रसायन	60	900
बायोटेक्नोलॉजी	20	250
अर्थशास्त्र	30	80
एमटेक	20	10

26 जुलाई को एमएससी केमेस्ट्री, एमएससी एनवायरमेंटल साइंस, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी मैथ आदि तथा दूसरे दिन 27 जुलाई को फिजिक्स इलेक्ट्रॉनिक, एंथ्रोपोलॉजी, बीवाक, एमपीएड, बीएएलएलबी, एलएलएम की प्रवेश परीक्षा होगी। 28 जुलाई को एमए छत्तीसगढ़ी, एमए एप्लाइड फिलोसफी एंड योगा, एमए इतिहास, भाषा विज्ञान, मनोविज्ञान आदि की प्रवेश परीक्षा होगी।

जांच पूरी कर लौटी नैक टीम

रविवि को अगस्त में मिलेगी ग्रेडिंग

रायपुर @ पत्रिका. पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) को नैक ग्रेडिंग अगस्त में मिलेगी। शनिवार को रविवि से रवाना हुई नैक टीम ने इसके संकेत दिए हैं। विवि प्रबंधन के अधिकारियों का कहना है कि इस बार पिछली बार से अच्छी ग्रेड मिलने की उम्मीद है।

नैक टीम के 6 सदस्यों ने गुरुवार से शनिवार तक तीन दिवसीय विजिट रविवि का किया है। नैक टीम के सदस्यों ने तीन टीम में डिवाइड होकर रविवि के हर संकाय की जांच की। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय का छह साल पहले 2016 में नैक मूल्यांकन हुआ था। उस समय विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड मिला था। विश्वविद्यालय की नैक ग्रेड 2022 में खत्म हो गया था, लेकिन कोरोना के कारण नैक मूल्यांकन नहीं हो पाया था। वर्तमान में विश्वविद्यालय के पास कोई भी ग्रेड नहीं है।